तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 7 नवम्बर 2025



11 छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक





12 एक्यूआई में हुआ मामूली सुधार







## खबर संक्षेप

### व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

खरखौदा। कन्या कालेज में वाणिज्य विभाग के द्वारा विद्यार्थियों को साइबर खतरों से अवगत कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि वे डिजिटल युग में सुरक्षित रूप से ऑनलाइन गतिविधियाँ कर सकें। इस कार्यक्रम का मकसद छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम की संचालक डॉ अनीता ने कार्यक्रम का महत्व तथा रूपरेखा के बारे में बताते हुए कहा कि कार्यक्रम में विद्यार्थी अपनी प्रेजेंटेशन के माध्यम से साइबर सुरक्षा के खतरों के बारे में जानकारी देंगे।

### हार को नहीं पचा पा रहे भूपेंद्र हुड्डाः कृष्ण मूर्ति

**रोहतक।** हरियाणा के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा विधानसभा में अपनी करारी हार को पचा नहीं पा रहे हैं और गैर जिम्मेदार बयानबाजी कर रहे है। अक्तूबर 2024 के विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपनी अच्छी नीतियों के कारण व 10 वर्ष के विकास के कार्यो के कारण जीती थी। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को भाजपा के खिलाफ बोलने से पहले अपने अंदर झांकना चाहिए।

### निकुंज ने हरियाणा ओलंपिक खेलों में जीते चार पदक

**रोहतक।** शहर के उभरते हुए खिलाड़ी निकुंज अत्री ने 3 से 5 नंवबर तक गुरुग्राम में आयोजित 27वें हरियाणा ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए और प्रदेशभर में रोहतक का नाम रोशन किया। निकुंज ने मेंस सिंगल्स में स्वर्ण पदक मेंस डबल्स में रजत पदक में टीम इवेंट में रजत पदक और मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीत शानदार प्रदर्शन किया।

### सरकार पेंशनर की मांगों को पूरा करेः मेहर सिंह

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटिजन क्लब में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला चेयरमैन देबी सिंह देसवाल ने की जबकि मंच संचालन शमशेर सिंह सिवाच ने किया। बैठक में राज्य चेयरमैन मेहर सिंह नैन, राज्य उप प्रधान धर्म कौर और कोषाध्यक्ष तुही राम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्य चेयरमैन मेहर सिंह नैन ने कहा कि सरकार पेंशनर्स की जायज और आवश्यक मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

*आर्य जगत के विद्वान संन्यासी स्वामी ब्रह्मविदानन्द ने वैदिक त्रैतवाद, जप और ध्यान विषयों पर विचार प्रस्तुत किए*

# जप और ध्यान से परमात्मा के प्रति समर्पण का आह्वान

*वार्षिकोत्सव का आयोजन 9 नवंबर तक नित्य दो सभाओं के रूप में किया जाएगा*

**पंडित ओमवीर ने मनोहारी भजनों से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्य समाज शहर बड़ा बाज़ार सोनीपत के 109वें वार्षिकोत्सव के चौथे दिन आर्य जगत के विद्वान संन्यासी स्वामी ब्रह्मविदानन्द ने वैदिक त्रैतवाद, जप और ध्यान विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि पूरे ब्रह्मांड की सर्वोच्च सत्ता परमेश्वर को अपने हृदय मंदिर में अनुभव करते हुए संध्या, जप और ध्यान के माध्यम से उसकी उपासना करनी चाहिए। जप-ध्यान में शब्द, अर्थ, भावना और ईश्वर के अनंत गुणों का चिंतन करते हुए कर्मों को भी उसी के अनुरूप संपादित करना परमात्मा के प्रति समर्पण की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर, जीव और प्रकृति तीन अनादि सत्ताएं हैं, जिन्हें पृथक-पृथक अनुभव कर उनसे सम्यक लाभ लेना ही वैदिक त्रैतवाद का सिद्धांत है। अवसर पर आर्य भजनोपदेशक पंडित ओमवीर (बुलंदशहर, उ.प्र.) ने मनोहारी भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन आर्य समाज के मंत्री प्रवीण आर्य ने किया। कार्यक्रम में सोनीपत नगर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं, बच्चे और युवा वर्ग उपस्थित रहे। उत्सव में सहभागी जन विषयों पर लाभान्वित हो रहे हैं और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त कर रहे हैं। वार्षिकोत्सव का आयोजन 9 नवंबर तक नित्य दो सभाओं के रूप में किया जाएगा।



**सोनीपत।** आर्यसमाज बड़ा बाजार में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रबुद्ध जन। *फोटो :हरिभूमि*



**गोहाना।** कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## श्री श्याम जन्मोत्सवः एक शाम बाबा श्याम के नाम में जमकर झूमे श्रद्धालु

*मित्तल ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर सबको किया भावविभोर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बादशाही रोड स्थित दीवान गार्डन में द्वादशी संकीर्तन मंडल द्वारा श्री श्याम जन्मोत्सव पर एक शाम बाबा श्याम के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। भक्ति संध्या की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल ने अपनी मधुर वाणी में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके साथ सुनील शर्मा, विजय राजपूत, सतीश शर्मा, ट्विंकल शर्मा और लीलू म्यूजिकल ग्रुप ने भी भक्तिमय प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का ऐसा माहौल बना कि श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अमित बत्रा, योगेश कौशिक, अमित जैन, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली के पुत्र सोनू बड़ोली, रमेश जिंदल, जतिन बत्रा, बलकार मलिक और नवीन मलिक सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। भक्तों ने पुष्प अर्पित कर भगवान श्याम से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मंडल के सदस्य सुनील दीवान ने बताया कि द्वादशी संकीर्तन मंडल पिछले कई वर्षों से निरंतर भगवान श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मना रहा है। अंशुल जिंदल, महेंद्र वत्स, रजत मित्तल, सोनू गोस्वामी, सुनील जैन और महेश गोयल ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग दिया।

**सुख-समृद्धि और शांति की कामना**

भक्तों ने पुष्प अर्पित कर भगवान श्याम से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मंडल के सदस्य सुनील दीवान ने बताया कि द्वादशी संकीर्तन मंडल पिछले कई वर्षों से निरंतर भगवान श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मना रहा है। अंशुल जिंदल, महेंद्र वत्स, रजत मित्तल, सोनू गोस्वामी, सुनील जैन और महेश गोयल ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग दिया। विशिष्ट अतिथियों में अमित बत्रा, योगेश कौशिक, अमित जैन, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली के पुत्र सोनू बड़ोली, रमेश जिंदल, जतिन बत्रा, बलकार मलिक और नवीन मलिक सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

**राधा-कृष्ण की रासलीला का आयोजन**

**गोहाना।** धार्मिक मेला टूबडी के शुभ अवसर पर भगवान राधा कृष्ण बलराम की रासलीला का आयोजन एवं सखी प्रीति एंड पार्टी राजपुरा वाली द्वारा राधा कृष्ण संकीर्तन किया गया। मेला कमेटी के संयोजक पूर्व पार्षद गोहाना नगर परिषद कृष्ण गोपाल चिंदा ने बताया कि कार्यक्रम देर रात तक किया गया। मेला के मुख्यातिथि भाजपा नेता अरुण बड़ौक और उनकी धर्मपत्नी सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रमन बड़ोक ने रिबन काटकर मेला का शुभारंभ किया। वशिष्ट अतिथि प्रवीण खुराना रहे। बाबा कमल पूरी का सान्निध्य रहा। इस मौके पर विजय कत्याल, विनोद निझावन, हनी चिंदा, परीक्षित कत्याल, रमेश मेहता, गुलशन ऐलावधि, रजत बड़ौक, लवली वधवा, राजू बधवा, रविन्द्र ढल, प्रदीप निझावन, वेदप्रकाश मेहता, नीरज मेहता मौजूद रहे।

## एनएचएम कर्मियों का मांगों को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय पर धरना

*सरकार से समान वेतन-सेवा शर्तों में सुधार की मांग*

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में कार्यरत बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी (एमपीएचडब्ल्यू) अपनी लंबित मांगों को लेकर गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे। इस दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से समान वेतन और सेवा शर्तों में सुधार की मांग की। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सर्जन डॉ. ज्योत्सना को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी और राज्य कार्यकारिणी सदस्य बबिता देवी ने बताया कि वर्ष 1998 से एनएचएम के तहत कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू (एएनएम) लगातार शोषण का शिकार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" का नारा देने वाली सरकार में बेटियां अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। उच्च न्यायालय के "समान काम समान वेतन" के आदेश के बावजूद कर्मचारियों को नियमित कर्मियों की तुलना में कम वेतन दिया जा रहा है।



**सोनीपत।** सिविल सर्जन को ज्ञापन देते एमपीएचडब्ल्यू। *फोटो :हरिभूमि*

**नई रणनीति तय की जाएगी**

कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें न तो ड्रेस एलाउंस, यात्रा भत्ता और एमसीएच भत्ता मिलता है, न ही सेवानिवृत्ति पर कोई सम्मानजनक राशि दी जाती है। राज्य महासचिव सहदेव आर्य और जिला सचिव राजकुमार नैय्यर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो अगले सप्ताह राज्य स्तरीय बैठक बुलाकर आंदोलन की नई रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया, तो प्रदेशभर का एमपीएचडब्ल्यू वर्ग आंदोलन की राह पर होगा और इससे उत्पन्न स्वास्थ्य सेवाओं में बाधा की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## गांधी नगर में 15 दिन से उखड़ी पड़ी गली एक व्यक्ति के विरोध से रुका पड़ा है काम

**अधिकारियों से कई बार लगा चुके गुहार**



**गन्नौर।** गांधी नगर में मलबे व दूषित पानी से अटी पड़ी निर्माणाधीन गली।

**मलबे व दूषित पानी से अटी पड़ी निर्माणाधीन गली**

**गन्नौर।** गांधी नगर में लोगों को गली तोड़े जाने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब 15 दिन पहले नगर पालिका की ओर से गली को नए सिरे से बनाने के लिए तोड़ा गया था, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। अब स्थिति यह है कि चारों तरफ से गली उखड़ी पड़ी है, जिससे लोगों का आना-जाना बेहद मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गली में एक परिवार पानी निकासी को लेकर गली निर्माण को रुकवा दिया है। वह अपने घर के आगे नाली से पानी निकासी करवाने से मना कर रहा है, जिससे नाली व गली का निर्माण नहीं हो पा रहा है। गली में जगह-जगह मिट्टी, मलबा और कीचड़ जमा हो गया है। जिससे वाहन निकलना भी पूरी तरह से बंद हो गया है। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका अधिकारियों से इस संबंध में कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक गली निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका है। लोगों का कहना है कि यदि काम जल्द शुरू नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

**थाना में दी शिकायत**

इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कि सभी गली वाले गली निर्माण और नगरपालिका की योजना के अनुसार नाली से पानी निकासी करने को सहमत है। केवल गली का केवल व्यक्ति गली व नाली निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहा है। ऐसे में लोगों की असुविधा को देखते हुए उनके खिलाफ नगरपालिका ने थाना गन्नौर में शिकायत दे दी है। पुलिस की उपस्थिती में गली का निर्माण जल्द शुरू करवाया जाएगा।



## नकारात्मक दृष्टिकोण मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

उपमंडल स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय की वोमेन सैल के तत्वाधान में आज हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श व कल्याण केन्द्रों की स्थापना के सौजन्य से महिला सशक्तिकरण के लिए लैंगिक संवेदनशीलता के प्रति दृष्टिकोण विकसित करना विषय पर आयोजित सेमिनार को मुख्य वक्ता मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि दृष्टिकोण किसी व्यक्ति का किसी विषय वस्तु चीज़ के प्रति सोचने महसूस करने और व्यवहार करने का तरीक़ा होता है यह इंसान की क्षमता को प्रभावित करता है। एक सकारात्मक दृष्टिकोण चुनौतियों को अवसर में बदलने की शक्ति प्रदान करता है।

**परिवर्तन की दिशा में अहम कदम**

जबकि नकारात्मक दृष्टिकोण मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सबसे ज़्यादा आवश्यकता अगर किसी बात की है तो वह इंसान की सोच और दृष्टिकोण पर निरंतर काम करने की है। अगर आस पास के परिवेश में नजर दौड़ाएँ तो जान पाएंगे कि इतनी सामाजिक बुराइयां जो हानिकारक और अवांछनीय प्रथाएँ आज भी क़ायम है जो अक्सर नैतिक मूल्यों का हनन करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रेखा सेहरावत ने करते कहा कि आज संगोष्ठी महिला शिक्षा और आस पास फैली सामाजिक बुराइयों के निदान और सशक्तिकरण के मद्देनजर अति लाभकारी साबित हो सकती है बशर्ते इस तरह के धरातललिए अनुभव लिए कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहे निसंदेह यह सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में अहम कदम है। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति डॉ. सतीश, डॉ. नीरज, तेजबीर, दीपक इत्यादि की रही।

## डिग्निटी सदन ने मारी बाजी

*विजिलेंस अवेयरनेस वीक के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के महत्व को समझाया
- प्रतियोगिता साइबर सिक्योरिटी एंड अवेयरनेस विषय पर हुई, जिसमें सभी सदनों के छात्रों ने भाग लिया

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में विजिलेंस अवेयरनेस वीक के अंतर्गत एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता साइबर सिक्योरिटी एंड अवेयरनेस विषय पर हुई, जिसमें सभी सदनों के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आनलाइन सुरक्षा, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराधों से बचाव जैसे विषयों पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद डिग्निटी सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता सदन के प्रतिभागी कक्षा आठवीं से सवि, कक्षा छठी से सुनिधि, कक्षा सातवीं से निशु तथा युग को प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया।



**गन्नौर।** प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता छात्र स्कूल स्टाफ के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

**परेशानी** शिव पार्क के सामने हरियाणा जनरल स्टोर पर आगजनी से भारी नुकसान

**प्रदेश की नायब सैनी सरकार व्यापारियों के साथ खड़ी**

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दुकान में अगजनी से हुए नुकसान का लिया जायजा, मदद का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने वीरवार को रेलवे रोड स्थित शिव पार्क के सामने गत दिनों हरियाणा जनरल स्टोर पर हुई आगजनी की घटने से हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने दुकानदार दिनेश को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से उन्हें आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी, ताकि उनके नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार व्यापारियों के साथ खड़ी है और जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करने में पीछे नहीं हटती। इस मौके पर व्यापार मंडल गन्नौर के अध्यक्ष संदीप सिंघल, भूषण हसीजा, बिल्लू सैनी, गन्नौर मंडल अध्यक्ष अजय जैन, गौरव जैन, सोमबीर आदि मौजूद रहे।



**गन्नौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली पीड़ति दुकानदार दिनेश कुमार की दुकान में हुए नुकसान का जायजा लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

**बिना तथ्यों की बातों से सभी का समय बर्बाद**

**होश खो बैठे हैं राहुल गांधी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने प्रेसवार्ता में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पूरी तरह से होश खो बैठे हैं और फर्जी प्रेस कांफ्रेंस देश भर में झूठा प्रोपगंडा फैला रहे हैं। राहुल गांधी बिहार चुनाव के मुद्दे पर बात करने के बजाय हरियाणा की कहानी सुना रहे हैं। राहुल गांधी ने जिस माडल द्वारा हरियाणा में वोट डाले जाने का दावा किया अब उसने खुद इंटरनेट मीडिया पर इस झूठ का पर्दाफाश कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के लिए बिहार में कुछ भी बाकी नहीं है, इसलिए वह ध्यान भटकाने के लिए हरियाणा का मुद्दा उठा रहे हैं। उनकी बिना तथ्यों की बातों से सभी का समय बर्बाद होता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूचि में त्रुटि संभव है, लेकिन इस पर झूठ फैलाना गलत है।

### गन्ने के बीज की नर्सरी तैयार करने पर किसानों को प्रोत्साहित करेगा विभाग

**गोहाना।** कृषि विभाग मुख्यालय गन्ने के बीज की नर्सरी तैयार करने पर किसानों को प्रोत्साहित करेगा। विभाग की योजना का लाभ स्पेसिंग विधि और सिंगल बड विधि से गन्ने की बिजाई करने वाले किसानों को भी मिलेगा। गन्ना क्षेत्र की मुख्य व्यापारिक फसल है। इस बार क्षेत्र के किसानों ने करीब 9500 एकड़ में गन्ना लगाया हुआ है। शहर के नजदीक शुगर मिल होने के चलते किसानों का गन्ने की खेती के प्रति लगातार रुझान बढ़ रहा है। गन्ने की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग गन्ने के बीज की नर्सरी तैयार करवाएगा। अधिकारियों के अनुसार गन्ने की नर्सरी तैयार करने के लिए किसानों को पहले पंजीकरण करवाना होगा। अधिकारियों ने किसानों को गन्ने की नर्सरी तैयार करने के लिए जागरूक करना शुरू कर दिया है।

## प्रताप सिंह मैमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतियोगिता

# हरियाणा ओलंपिक कराटे के 84 किलो भार वर्ग में विकास ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

प्रताप सिंह मैमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरखौदा में आयोजित हरियाणा ओलम्पिक गेम्स कराटे प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मुकाबले सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी कोच ओमप्रकाश दहिया व अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, सम्मान और आत्म-नियंत्रण का जीवन दर्शन है। डॉ सुबोध दहिया ने कहा कि हरियाणा देश की स्पोर्ट्स पावर बनकर उभर रहा है। इसमें सरकारी एवं निजी संस्थानों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और अभिभावकों की साझा भूमिका है। लड़कों के 47 किग्रा भार वर्ग में मोहम्मद दाऊद (अंबाला) ने स्वर्ण, अरविंद (सोनीपत) ने रजत तथा आकाश (रोहतक) व शशि ने कांस्य पदक जीता। 75 किग्रा भार वर्ग में अंकित (कुरुक्षेत्र) ने स्वर्ण, अजय (हिसार) ने रजत तथा सुमित (भिवानी) व अनिल (अंबाला) ने कांस्य पदक हासिल किया। 84 किग्रा भार वर्ग में विकास (सोनीपत) ने स्वर्ण, नसीब (भिवानी) ने रजत तथा शुभम (पानीपत) व विकास (महेंद्रगढ़) ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। लड़कियों के मुकाबलों में सुखविंद्र (सिरसा) ने स्वर्ण, कोमल गिल (अंबाला) ने रजत तथा प्रियंका (चरखी दादरी) व शुभकीर्ति (कुरुक्षेत्र) कांस्य पदक विजेता रही।


कराटे स्पर्धा में एक दूसरे का मुकाबला करते खिलाड़ी।


सोनीपत। उपविजेता रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए आयोजक।


> द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया बोले, कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, सम्मान और आत्म-नियंत्रण का जीवन दर्शन है

## वॉलीबाल में रहे द्वितीय, कॉलेज पहुंचने पर किया स्वागत

सोनीपत। मदवि द्वारा आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में टीकाराम कन्या महाविधालय ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि यह प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 31 अक्टूबर को रोहतक के महारानी किशोरी कॉलेज में आयोजित की गई थी। कॉलेज की टीम ने केएल मेहता कॉलेज फरीदाबाद को 9-34 से हराकर सेमीफाइनल में पंडित नेकीराम, रोहतक कॉलेज को 12-35 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल में महारानी किशोरी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. अल्का, सविता ने खिलाडीयों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में और अच्छा प्रदर्सन करने की कामना की।

## ब्राइट स्कॉलर के तैराकों ने लहराया परचम

सोनीपत। हरियाणा ओलंपिक खेल मिट्टी से मेडल तक 2025 का आयोजन एचएल सिटी बहादुरगढ़ में 2 नवंबर से 5 नवंबर तक हुआ। इस प्रतियोगिता में ब्राइट स्कॉलर स्कूल के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसमें प्रांजल- 200 मीटर बी-फ्लाई, 400 मीटर आईएम, 4×100 मीटर और 4×200 मीटर एफ/एस रिले (2 रजत, 2 कांस्य), अयानवीर खत्री- 50 मीटर बी-फ्लाई, 50 मीटर बीके, 100 मीटर एफ/एस (1 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य), यशिका सहरावत- 4×100 मीटर और 4×200 मीटर एफ/एस रिले (1 रजत, 1कांस्य) जीता। वहीं सोनित सरोहा, दक्ष राठी, काव्या शर्मा ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया।



# धान की आवक तेज होने से अनाज मंडी के बाहर ट्रैक्टर-ट्रालियों का जाम लगा

- निजी वाहन घंटों जाम में फंसे रहे पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गुरुवार को जींद रोड स्थित अनाज मंडी में धान की बहुत अधिक आवक हुई। इससे मंडी के बाहर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी लाइनें लगने से जाम लगा। जाम में फंसे सवारी व निजी वाहनों में सवार लोगों को काफी परेशानी हुई। यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

शहर में जींद रोड स्थित नई अनाज मंडी में दो सप्ताह से धान की आवक अधिक हो रही है। रोजाना किसान 55-60 हजार क्विंटल धान लेकर पहुंच रहे हैं। जिस एवज में रोजाना धान की आवक हो रही है उसी एवज में उठान नहीं हो रहा है। धान की आवक अधिक होने से अनाज मंडी के अंदर और बाहर बार-बार जाम लग जा रहा है। मंगलवार को मंडी में लगभग 82 हजार क्विंटल धान जमा हो गया था। मंडी के आढ़तियों ने बुधवार को धान की खरीद बंद करने और खरीदे गए धान का उठान करने का निर्णय लिया था।

बुधवार को लगभग 46 हजार क्विंटल धान का उठान भी कराया गया था, जिससे मंडी में काफी जगह खाली हो गई थी। गुरुवार तडक़े साढ़े तीन बजे से ही किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों में धान लेकर पहुंचना शुरू हो गए थे। मंडी में किसानों को सुबह पांच बजे से ट्रैक्टर-ट्रालियों को लेकर प्रवेश करने दिया जाता है। ऐसे में मंडी के बाहर प्रवेश से पहले ही धान से भरी ट्रालियों और ट्रैक्टर की लाइनें लग चुकी थी। दिन चढने के साथ लाइनें लंबी होती चली गई। गुरुवार को किसान 71,234 क्विंटल धान लेकर पहुंचे।

यह खरीफ के वर्तमान सीजन में एक दिन में अब तक सर्वाधिक आवक रही। मंडी के बाहर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लाइनें लगने से सवारी व निजी वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं लग पाई। सवारी व निजी वाहन जाम में फंस गए। मंडी के बाहर दोपहर तीन बजे तक बार-बार जाम लगा

## छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

खरखौदा। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के मार्गदर्शन में तथा पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं साइबर सोनीपत कुशल पाल सिंह के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फरमाणा में गुरुवार को साईबर सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोनीपत पुलिस टीम ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्राओं को बताया गया कि अंजान लिंक्स पर क्लिक न करें, सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें, ऑनलाइन फ्रॉड कॉल्स/मैसेज से सावधान रहें तथा संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पुलिस को सूचना दें। छात्राओं को साइबर हेल्पलाइन 1930 और पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड की स्थिति में वे तुरंत शिकायत दर्ज करा सकें। पुलिस उपायुक्त साइबर ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता है।



# ठाकुर जी की रसोई में लगे शिविर में 225 रोगियों की आंखें जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल ठाकुर जी की रसोई एवं युवा शक्ति क्लब के संयुक्त सौजन्य से गुरुवार को जय नारायण धर्मशाला में निःशुल्क चिकित्सा एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए सेवक नीरज गुप्ता ने बताया कि दिल्ली स्थित वेणु आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने 225 मरीजों की नेत्र जांच की। जिनमें से 20 बुजुर्ग मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु शेख सराय, दिल्ली भेजा गया। इन सभी मरीजों के ऑपरेशन, रहने और भोजन की संपूर्ण व्यवस्था ठाकुर जी की रसोई द्वारा निःशुल्क की जाएगी।

### अपोलो हॉस्पिटल की टीम ने की जांच

न्यूरोथैरेपी विशेषज्ञ राजू कोच द्वारा 30 मरीजों का सफल उपचार किया गया। जिससे अनेक लोगों को दर्द और शारीरिक परेशानियों से राहत मिली। अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने मरीजों की हड्डियों की जांच कम्प्यूटरीकृत मशीन द्वारा की और सभी को निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयाँ प्रदान कीं। धर्मपाल गर्ग, पवन सिंगला, अमित सिंगला, पंकज गुप्ता, पुष्पेश गर्ग, धम्मल फौजी, हंसराज अरोड़ा, अमीचंद फौजी, बिजेंद्र जांगड़ा, धर्मेंद्र हलवाई, योगेंद्र सिंहमार, मोनू सैनी, अंकित गर्ग, प्रदीप सिंगला, पीयूष गुप्ता सहित कई प्रतिष्ठित नागरिकों मौजूद रहे।

# विधायक ने निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण

- मदान निर्माणाधीन ओल्ड डीसी रोड पर पहुंचे, काम काज जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बुधवार देर रात विधायक निखिल मदान ने पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 1 करोड़ 63 लाख रूपये की लागत से बनाये जा रहे ओल्ड डीसी रोड के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कार्य की गुणवत्ता की जांच की।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि ओल्ड डीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस सड़क को 1 करोड़ 63 लाख रु की लागत से पूरा किया जाएगा। इसमें सड़क के ऊपर एक परत बिटुमिन (तारकोल) की बिछाई जाएगी और एक परत मास्टिक की बिछाई जायेगी। आधी सड़क का कार्य पूरा हो चुका है, बाकी सड़क को कल सुबह तक पूरा किया जाएगा। विधायक निखिल मदान ने कहा कि ओल्ड डीसी रोड पर कुछ समय पूर्व सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया गया था जिसके चलते कई जगह से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी।


सोनीपत। सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए विधायक निखिल मदान।

### गुणवत्ता के साथ कोई समझौता सहन नहीं करेंगे : विधायक

साथ ही ओल्ड डीसी रोड का कई वर्ष पहले निर्माण किया गया था और समय के साथ सड़क की हालत जर्जर हो गई थी। आज पुनः पूरी सड़क का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करवाया जा रहा है। इस सड़क का कार्य पूरा होने से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलेगी। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग से कार्यकारी अभियंता प्रशांत कौशिक, वासुदेव सुखीजा, अमित सुखीजा, केसी बत्रा, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

## मेयर ने ओल्ड डीसी रोड पर सुनीं समस्याएं

सोनीपत। लोक निर्माण विभाग द्वारा 1 करोड़ 63 लाख की लागत से ओल्ड एक रोड का पुनर्निर्माण शुरू कर दिया गया है। सड़क की एक लेयर बिछाने के बाद नगर निगम मेयर राजीव जैन ने निरीक्षण किया और दुकानदारों की शिकायतें सुनी। दुकानदारों ने सड़क की चौड़ाई कम होने की और सीवर के मेनहोल सड़क के नीचे दबने की शिकायत रखीं। पिछले 1 वर्ष से ओल्ड रोड की हालत बहुत ही खस्ता थी और दुकानदार कई बार प्रदर्शन भी कर चुके थे। रोड पर नगर निगम द्वारा सीवर लाईन बिछाने के बाद तो तकलीफें और ज्यादा बढ़ गई थी कई बार गड्ढों में गिरकर रिक्शावाले व दो पहिया वाहन चालक घायल भी हो गए थे। राजीव जैन ने फोन पर लोक निर्माण विभाग में कार्यकारी अधिकारी प्रशांत शर्मा से बात की और निर्देश दिए की सड़क के गुणवत्ता का ध्यान रखें। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि एक लेयर बिछाने के बाद मास्टिक की लेयर भी बिछाई जाएगी ताकि वाहनों को आवागमन में कोई परेशानी ना हो।


स्थानीय दुकानदारों की समस्याएं सुनते हुए मेयर राजीव जैन साथ में अन्य।


सोनीपत। नगर निगम में विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी।

## ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच का धरना जारी

सोनीपत। ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच यूनियन का धरना शुक्रवार को लगातार 36वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता यूनियन सचिव सावन कुमार ने की, जबकि संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कर्मा ने किया। यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने निगम प्रशासन पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि आज भूख हड़ताल का छठा दिन हो गया है, फिर भी भ्रष्ट निगम प्रशासन ने अब तक किसी प्रकार की वार्ता या समाधान का प्रयास नहीं किया। सावन कुमार ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो कर्मचारी भूख हड़ताल को अमरण अनशन में बदलने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा अनदेखी की जा रही है। धरने में रविंदर, सुमित, सन्नी, टेकराम, इंदरजीत, परसांत, सुनिता, माया, अंजू, संतरा, सुसमा, प्रमिला सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था में वोट चोरी लोगों के साथ बड़ा विश्वासघात : माकपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव आनंद शर्मा ने बताया कि हरियाणा विधान सभा चुनाव में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा 25 लाख फर्जी वोट के खुलासे ने इसकी पुष्टि की है जो साल भर पहले आए चुनाव परिणामों के बाद माकपा ने कहा था कि यह जनादेश से बनी सरकार नहीं है। इस खुलासे ने एक बार फिर लोकतान्त्रिक चुनाव प्रणाली की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा कर दिया है। यह सवाल ठोस सबूतों के आधार पर सामने आया है यह निंदनीय है कि इस संदर्भ में चुनाव आयोग के मुखिया का बयान मामले की जांच व सुधार करने की बजाय इसे दबाने का ही रहा है।इससे निर्वाचन आयोग की भाजपा से मिलीभगत की बू आती है। वैसे भी इस चुनाव के दौरान लोगों में जो माहौल था वह भाजपा के खिलाफ था। भाजपा के प्रति लोगों में गुस्से को देखते हुए ही भाजपा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को हटाया था। उनकी जगह पर नायब सिंह सैनी को लाया गया। उन्होंने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायलय को मामले का स्वतः संज्ञान लेकर न्यायिक कार्रवाई करनी चाहिए, यदि ऐसा नहीं किया गया तो लोकतंत्र की रक्षा में लोग सड़कों पर आने के लिए मजबूर होंगे।


आनंद शर्मा

# 40 लाख रुपये में पक्की होगी देवनगर की गली

- विधायक निखिल मदान ने मेयर राजीव जैन के साथ विभिन्न विकास कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने मेयर राजीव जैन के साथ मिलकर वीरवार को वार्ड 19 में 87 लाख रुपए और वार्ड 15 में लगभग 40 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर 19 में इंडियन कॉलोनी की विभिन्न गलियों को सीसी से पक्का किया जाएगा। साथ ही 100 फूटा रोड के कुछ हिस्से को सीसी से पक्का करने का भी काम किया जाएगा। इस कार्य को 87 लाख रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इस कार्य के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सहूलियत होगी और जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही वार्ड नं 19 में सीवर लाइन ब्लॉकेज की समस्या को डी सिल्टिंग करवा कर दूर किया जाएगा। इसके लिए भी टेंडर प्रक्रिया जारी है।


सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक एवं अन्य।

### ये होंगे विकास कार्य

मेयर राजीव जैन ने बताया कि वार्ड नंबर 15 में देवनगर की गली नंबर 8 शिवा शिक्षा सदन स्कूल के पास इस गली को मास्टिक द्वारा पक्का किया जाएगा। इसके साथ ही रोहतक रोड पर सिटी थाने के साथ वाली काठ मंडी की दो गलियों को सीसी से पक्का किया जाएगा। इस पूरे कार्य को 40 लाख रुपए की लागत से नगर निगम द्वारा पूरा किया जाएगा। पूरे नगर निगम क्षेत्र में सड़कों के पुनर्निर्माण और मरम्मत का कार्य जारी है। साथ ही वार्ड नंबर 19 में सीवरेज की समस्या को दूर करने के लिए डी सिल्टिंग की टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इस अवसर पर निगम पार्षद अतुल जैन व अन्य मौजूद रहे।

## हजारों युवाओं ने दिखाई प्रतिभा, विधायक ने दी शुभकामनाएं

# मुरथल विश्वविद्यालय में 31वां जिला स्तरीय युवा महोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वीरवार को 31वें जिला स्तरीय युवा महोत्सव का भव्य आगाज हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सोनीपत जिला प्रशासन व युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा द्वारा उपायुक्त सुशील सारवान के मार्गदर्शन में किया गया। पहले दिन हजारों युवाओं ने विविध प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान, सोनीपत विधायक निखिल मदान और विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. श्री प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। देवेंद्र कादियान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश की पहचान हैं और यह महोत्सव प्रतिभा दिखाने का उत्कृष्ट मंच है। उन्होंने युवाओं को निरंतर आगे बढ़ने और कठिनाइयों में धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा दी। निखिल मदान ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं में रचनात्मकता और देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रही है।



## राजकीय महाविद्यालय में भाषण स्पर्धा में कोहिनूर अव्वल

खरखौदा। शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉक्टर तराना नेगी के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका नीरा द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक था -संविधान का महत्व। संविधान किसी भी देश के शासन का आधार होता है। संविधान वे नियम कानून होते हैं जिनके द्वारा किसी देश का शासन चलाया जाता है। संविधान को समझे बिना आप अपनी शासन प्रणाली को नहीं समझ सकते इसीलिए संविधान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया ताकि उनके ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ उनका मानसिक विकास भी तीव्र हो सके। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ अनीता राणा, डॉ रेखा तथा सुमन रानी के द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोहिनूर बीए प्रथम वर्ष ने, द्वितीय स्थान अक्षय बीए प्रथम वर्ष ने तथा तृतीय स्थान तन्नू बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।



# वंदे मातरम कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

- उपायुक्त ने दिए निर्देश, कई तरह के कार्यक्रम आयोजित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

वंदे मातरम की 150वीं वर्षगाठ के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने जिला परिषद हॉल में तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम सभी गांवों में आयोजित होंगे इसलिए सभी ग्राम सचिव कार्यक्रों को भव्य तरीके से आयोजित करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रभात फेरी, रैली, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताएं सहित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने कहा कि जिले के सभी अधिकारी एक-एक गांव का दौरा करें, ताकि इस पहल को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि 7 नवंबर को सेक्टर-15 स्थित डीएवी स्कूल में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली तथा विधायक निखिल मदान शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी ली गई हैं। बैठक में एडीसी लक्षित सरीन, एसडीएम सुभाष चन्द्र, सीटीएम डॉ. अनमोल, एसीपी अमित कुमार, डीडीपीओ मनीष मलिक, सभी तहसीलदार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सिसाना सरपंच के खिलाफ महिला ने दी शिकायत

**खरखौदा।** ब्लाक समिति सदस्य द्वारा सिसाना गांव के सरपंच के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। जिसमें उन्होंने सरपंच पर रास्ता रोकने, छेड़छाड़ की कोशिश करने, लज्जा भंग करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सरपंच जग्गी ने उनके साथ बदतमीजी की है और उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। इस संदर्भ में पहले खरखौदा पुलिस थाने में शिकायत दी गई थी। लेकिन वहां पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो अब ब्लॉक समिति सदस्य व उनके पति ने मामले की शिकायत सोनीपत डीसीपी से भी की है और एफआईआर की मांग की है। उधर दूसरी तरफ सरपंच जग्गी का कहना है कि सभी आरोप झूठे हैं। गली में सरकारी ईंटे बची हुई थी, जिसे उठाने की कार्रवाई शुरू हुई तो शिकायतकर्ता पक्ष नाराज हो गया और इसी कारण से उसकी शिकायत दी है। शिकायतकर्ता पहले भी उनकी शिकायत दे चुका है। जबकि सभी आरोपी बेबुनियाद है। वे हर प्रकार की जांच के लिए तैयार हैं।

### मुरथल रोड पर सड़क हादसे में युवक घायल

**सोनीपत।** मुरथल रोड पर हुए सड़क हादसे में हिमांशु नामक युवक घायल हो गया। घायल युवक जींद के अर्बन एस्टेट इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत हिमांशु को नागरिक अस्पताल, सोनीपत में भर्ती कराया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

### स्पोर्ट्स विवि में संदिग्ध हालात में व्यक्ति की मौत

**सोनीपत।** राई स्थित मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोहाना निवासी राजपाल के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल, सोनीपत में भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

### झगड़े में युवक घायल पीजीआई रोहतक रेफर

**सोनीपत।** मुरथल जीटी रोड पर हुई लड़ाई-झगड़े में योगेश नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल योगेश को राहगीरों की मदद से नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार झगड़े के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। वहीं, पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि झगड़े में शामिल लोगों की पहचान की जा सके।

तापमान में गिरावट और बदलते मौसम के बीच प्रदूषण से राहत नहीं

# एक्यूआई में मामूली सुधार, हवा अब भी सांस लेने लायक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। वीरवार को दिनभर हल्की ठंडी हवाएं चलीं और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा, जो एक दिन पहले दर्ज तापमान 29 और 13 डिग्री सेल्सियस से कम है। दिन में लगभग 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलती रही, जिससे हल्का स्मॉग छंटने की उम्मीद बनी रही, लेकिन वायु गुणवत्ता में सुधार उम्मीद के अनुरूप नहीं हो पाया। शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) वीरवार को 253 दर्ज किया गया। हालांकि बुधवार की तुलना में यह कुछ बेहतर स्थिति में रहा, जब एक्यूआई 313 तक पहुंच गया था और पूरे देश में सबसे अधिक दर्ज किया गया था। फिर भी यह स्तर 'खराब' श्रेणी में आता है, जो सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और गले में खराश जैसी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। चिकित्सक लोगों को सलाह दे रहे हैं कि ऐसे मौसम में सुबह-शाम के समय बाहर निकलने से बचें और विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग तथा श्वसन संबंधी रोगों से पीड़ित व्यक्ति एहतियात बरतें। जब तक प्रदूषण के स्थायी कारणों पर काबू नहीं पाया जाता, तब तक हवा में सुधार अस्थायी ही रहेगा। फिलहाल लोगों को सावधानी बरतने और स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों का पालन करने की जरूरत है।

### हवा की गति बढ़ी तो कुछ राहत

र्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय वाहनों से निकलने वाले धुएं और निर्माण कार्यों की धूल के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ है। हवा की दिशा और गति में परिवर्तन के कारण प्रदूषक कण वातावरण में अधिक देर तक बने रहते हैं। हालांकि वीरवार को हवा की गति कुछ बढ़ने से हल्का सुधार दर्ज किया गया, लेकिन स्थायी राहत के लिए यह पर्याप्त नहीं है।

सुबह के समय कोहरा और स्मॉग एक साथ दिखाई देते हैं, जिससे दृश्यता भी प्रभावित होती है। लोग मास्क लगाकर ही बाहर निकल रहे हैं। कुछ इलाकों में घरों के अंदर भी धूल का असर महसूस किया जा रहा है।

### ग्रैप 2 है लागू, फिर भी लोगों का राहत नहीं मिल रही

प्रशासन की ओर से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप-2) पहले से लागू है, जिसके तहत निर्माण कार्यों पर नियंत्रण, सड़क किनारे पानी का छिड़काव और खुले में कूड़ा जलाने पर रोक जैसी कार्रवाइयां की जा रही हैं। फिर भी प्रदूषण में अपेक्षित सुधार नहीं आ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना है।

## प्रदूषण का साइड इफेक्ट : बढ़ी चर्म रोगियों की संख्या, चिकित्सक न होने से मरीज परेशान





सोनीपत। रजिस्टेशन काउंटर के बाहर लगी मरीजों की भीड़ व बंद पड़ी चर्म रोग ओपीडी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर में बढ़ते प्रदूषण के कारण नागरिक अस्पताल की चर्म रोग ओपीडी पर मरीजों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। हाल ही में सोनीपत देश के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में शामिल रहा, जहां एक दिन पहले एयर क्वालिटी इंडेक्स 313 दर्ज किया गया था। इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, विशेषकर त्वचा और आंखों से संबंधित बीमारियों में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, पिछले एक सप्ताह से रोजाना करीब ढाई सौ से अधिक मरीज केवल चर्म रोग ओपीडी में आ रहे है। इनमें अधिकतर मरीज स्किन एलर्जी, खुजली, फंगल इंफेक्शन, लाल चकत्ते और जलन जैसी समस्याओं से जूझ रहे है। वहीं नेत्र रोग विभाग में भी आंखों में जलन, सूजन और लालपन के मामलों में इजाफा हुआ है। मरीजों की परेशानी इसलिए और बढ़ गई है क्योंकि नागरिक अस्पताल में तैनात चर्म रोग विशेषज्ञ का 31 अक्तूबर को तबादला पानीपत कर दिया गया था। तबादले के बाद से अस्पताल में फिलहाल कोई स्थायी चर्म रोग चिकित्सक नहीं है। इस कारण मरीजों को बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ रहा है।

### चर्म रोग चिकित्सक का तबादला

चर्म रोग चिकित्सक का तबादला गत माह हो गया था। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। जल्द से जल्द चर्म रोग विशेषज्ञ की तैनाती की जायेगी। ताकि मरीजों को बिना उपचार के वापस न लौटना पड़े। प्रबंधन की तरफ से मरीजों की सुविधा के लिए समय- समय पर जरूरी कदम उठाने का काम किया जाता है।
-डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

## महलाना रोड पर बाइक सवार ने युवक का मोबाइल छीना, केस

**सोनीपत।** शहर के महलाना रोड पर दिनदहाड़े झपटमारों ने एक युवक का मोबाइल फोन झपट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव राजपुर निवासी आशीष ने बताया कि वह अपने भाई विजय से मिलने गांव गढ़ी ब्राह्मण आए हुए थे। दोपहर बाद जब वह महलाना रोड स्थित एक दुकान से सामान लेकर लौट रहे थे, तो मार्बल की दुकान के सामने पीछे से बाइक पर आए दो युवक उनके पास पहुंचे और हाथ में पकड़ा मोबाइल फोन झपटकर सोनीपत शहर की ओर फरार हो गए। आशीष ने बताया कि झपटमारों की बाइक का नंबर वह देख नहीं सके। वारदात के बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सिटी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपितो की पहचान कर उन्हें जल्द पकड़ा जा सके।

चुनावी रंजिश में महिला पार्षद के ससुर को गोली मारने का आरोप

## हत्या के बाद फरार चल रहे सुनील लंबू के बैंक खाते सीज, किसी भी खाते से नहीं हुआ लेन-देन

**गन्नौर।** शास्त्री नगर में पार्षद सोनिया शर्मा के ससुर और पूर्व क्रिकेट कोच रामकरण शर्मा की हत्या करने के बाद से फरार चल रहे आरोपित पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनील लंबू के सभी बैंक खाते पुलिस ने सीज करवा दिए हैं। अब सुनील लंबू अपने बैंक खाते से किसी तरह का लेन-देन नहीं कर पाएगा। खातों की जांच करने पर यह भी सामने आया कि सुनील लंबू ने हत्या करने के बाद अपने बैंक के खातों से किसी तरह का लेन-देन भी नहीं किया। सुनील लंबू ने कोच रामकरण को गोली मारने के बाद अपना मोबाइल फोन भी तुरंत बंद कर दिया। ऐसे में पुलिस को अभी तक सुनील लंबू के बारे में कोई सुराग नहीं मिल पाया है और वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।



### लाइसेंसी पिस्टल से किया था हमला

एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि आरोपित सुनील लंबू के पास एक 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल और एक लाइसेंसी डोगा है। जांच में सामने आया कि कोच रामकरण शर्मा पर सुनील लंबू ने अपनी 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल से हमला किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीमें आरोपित तक पहुंचने का हर संभव प्रयास कर रही हैं। उम्मीद है वह जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। उसका लाइसेंस भी रद करवाया जाएगा।

### अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही सरकार

इस मामले में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने स्पष्ट किया कि हरियाणा समेत 21 प्रांतो में भाजपा की सरकार है और किसी भी प्रांत में भाजपा और उसके नेता अपराधियों को संरक्षण देने का काम नहीं करती। जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह बेबुनियाद हैं। उन्होंने इस संबंध में सोनीपत पुलिस आयुक्त से बात की है। जल्द ही सुनील लंबू की गिरफ्तारी होगी और सारी परतें खुल जाएंगी।

## बैंक अधिकारी बनकर ग्रामीण से 2.25 लाख की ऑनलाइन ठगी

**सोनीपत।** साइबर ठगों ने एक बार फिर बैंक अधिकारी बनकर ग्रामीण को झांसे में लेकर दो लाख से अधिक रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने मोबाइल पर कॉल कर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का लालच दिया और एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर पीड़ित का फोन हैक कर लिया। मामला गांव कुंडली का है। पीड़ित राकेश कुमार ने साइबर थाना में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव कुंडली निवासी राकेश कुमार ने बताया कि 10 अक्तूबर को उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए कहा कि वह उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ा सकते हैं। इसके बाद ठग ने उन्हें माई कार्ड एप्लीकेशन खोलने और एप कस्टमर सपोर्ट नामक ऐप डाउनलोड करने को कहा। जैसे ही उन्होंने ऐप डाउनलोड किया, उनका मोबाइल ठगों के नियंत्रण में चला गया। कुछ ही देर में राकेश के बैंक खाते से 1,60,399 रुपये और क्रेडिट कार्ड से 64,988 रुपये की ट्रांजेक्शन हो गई। इस तरह कुल 2,25,387 रुपये ठगों ने उड़ा लिए। पैसे कटने की सूचना मिलते ही राकेश ने तत्काल अपने बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक करवाया तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दी।



■ एप डाउनलोड करवाकर हैक किया फोन

### अनजान कॉल पर विश्वास न करें

साइबर थाना प्रभारी बसंत ने बताया कि ठग बैंक या बीमा प्रतिनिधि बनकर लोगों को झांसे में लेते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान कॉल पर विश्वास न करें, न ही कोई ऐप डाउनलोड करें या बैंक संबंधी जानकारी साझा करें। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## शुगर मिल में ब्वॉयलर की पूजा के साथ पेराई सत्र शुरू

**सोनीपत।** सोनीपत शुगर मिल में वीरवार को ब्वॉयलर पूजा का आयोजन किया गया। नए पेराई सत्र के शुभारंभ से पूर्व आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में एमडी अंकिता वर्मा सहित समस्त अधिकारी और कर्मचारीगण ने भाग लिया। विधिवत हवन यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर मिल की उन्नति और सुरक्षित कार्य प्रणाली के लिए आहुति डाली। कार्यक्रम के दौरान मिल के प्रधान रविंद्र भिगान ने भी पूजा में हिस्सा लिया और आहुति प्रदान की। उन्होंने कहा कि ब्वॉयलर पूजा शुगर मिलों में एक पारंपरिक प्रक्रिया है, जो नए सत्र की सफलता और सुचारू संचालन का प्रतीक मानी जाती है। एमडी अंकिता वर्मा ने इस अवसर पर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मिल परिवार के सहयोग और समर्पण से इस वर्ष उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जाएंगे।



## उपायुक्त ने तहसील का औचक निरीक्षण किया

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई पेपरलेस ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली को लेकर तहसील कार्यालय सोनीपत का गुरूवार को निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने रजिस्ट्री प्रक्रिया के सभी चरणों को बारीकी से परखने के साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि पेपरलेस ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली से रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को लंबी कागजी प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी। ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्री होने से दस्तावेजों की सुरक्षा, ट्रैकिंग और रिकॉर्ड प्रबंधन अधिक सुगम हो गया है। उन्होंने बताया कि अब नागरिक स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। आवेदक को केवल फोटो और सिग्नेचर के लिए फिजिकल रूप से तहसील में उपस्थित होना होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली पूरे प्रदेश में नई लागू हुई है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## कांग्रेसी बोले- भाजपा और चुनाव आयोग में मिलीभगत, वोट चोरी का आरोप जड़ा

■ कमल दिवान के नेतृत्व में प्रदर्शन कर फूंका चुनाव आयोग का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर वीरवार को जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) सोनीपत ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत सुभाष चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) अध्यक्ष कमल दिवान ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए और चुनाव आयोग के पुतले का दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कमल दिवान ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत का पर्दाफाश किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में खुलेआम वोट चोरी की गई है, जिससे लोकतंत्र की मर्यादा को ठेस पहुंची है। अब समय आ गया है कि जनता ऐसे वोट चोरों को सबक सिखाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और हर बूथ तक लोकतंत्र की रक्षा का संदेश पहुंचाएगी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वोट चोर गद्दी छोड़, लोकतंत्र बचाओ - देश बचाओ, राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। कमल दिवान ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में बने रहने के लिए जनता के अधिकारों की अनदेखी की है। अब कांग्रेस जनता के साथ मिलकर इस तानाशाही रवैये का डटकर मुकाबला करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह आंदोलन केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि लोकतंत्र की अस्मिता की लड़ाई है। हर नागरिक को इसमें अपनी भूमिका निभानी होगी ताकि ईमानदारी और पारदर्शिता को पुनर्स्थापित किया जा सके।सभी ने एक सुर में कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा और जनता के अधिकारों की बहाली तक यह लड़ाई थमेगी नहीं। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष संजीव दहिया, पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि, जयभगवान अंतिल, प्रवक्ता राकेश सौदा, प्रेम नारायण गुप्ता, जयवीर अंतिल, सरदार इंद्रपाल, अशोक सरोहा, पार्षद संजय बड़वासनी, पार्षद मोनिका नरवाल, नीलम बालियान, सरदार इंद्रपाल, प्रेम रेलन, लीलू प्रधान, ओमप्रकाश मुंजाल, दिनेश हुड्डा, कुलदीप खासा, विक्की समंदर हुड्डा, सौरभ सचदेवा, रवि कपूर, कृष्ण बुमराह, राजेश, संजय खत्री, पुनीत राणा, नरेंद्र हुड्डा, डॉ. राकेश सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिवा शिक्षा सदन से पल्लव व आयुष ने किया सीए क्वालीफाई

स्कूल प्रशासन ने दोनों विद्यार्थियों की मेहनत को सराहा और बधाई दी



पल्लव चुघ



आयुष जैन

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

हाल ही में घोषित चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) फाइनल परीक्षा में शिवा शिक्षा सदन, विद्यालय के दो पूर्व छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। 2018-19 बैच के छात्र पल्लव चुघ व आयुष जैन ने सीए फाइनल परीक्षा क्वालीफाई कर विद्यालय, परिवार और जिले का नाम रोशन किया है।

सीए फाइनल परीक्षा में इस बार कुल 167 छात्र सोनीपत जिले से शामिल हुए थे। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र बंसल ने दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पल्लव और आयुष की उत्कृष्ट सफलता उनकी मेहनत का परिणाम है। अगर कोई भी विद्यार्थी मेहनत करता है तो उसकी मेहनत एक ना एक दिन जरूर रंग लाती है। विद्यालय की प्राचार्या अलका विज ने पल्लव व आयुष, दोनों की सराहना करते हुए कहा कि कुछ छात्र सिर्फ अंक नहीं लाते, वे प्रेरणा का स्त्रोत बनते हैं। पल्लव का अनुशासन, स्पष्ट लक्ष्य और समर्पण, और आयुष की निरंतर सीखने की जिज्ञासा, यह दोनों ही विद्यार्थियों को विशेष बनाते हैं। इनकी सफलता हर छात्र को यह संदेश देती है कि सही दिशा और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। विद्यालय के डायरेक्टर अरुण बंसल ने भी दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।